# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साईं आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपास, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्याः 3392 / M-16 / 138 दिनांकः 15/05/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " खैराबाद के बन्नी बाजदार में पेयजल संकट गहरायाः जल जीवन मिशन अधूरा, सड़कें खुदीं, ग्रामीण परेशान " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में **" खैराबाद के बन्नी बाजदार में पेयजल संकट गहरायाः जल जीवन मिशन अधूरा, सड़कें खुदीं, ग्रामीण परेशान "** शीर्षक से दिनांक 15.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सरैया सानी पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सरैया सानी पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 6.67 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 591 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 5.7 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 10 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पाइप लाइन बिछाये जाने के पश्चात सड़को की अस्थाई पुर्नस्थापना (मोटरेबल) तत्समय ही करा दी गयी है। गृह जल संयोजन देकर पाइप लाइन ज्वाइटिंग एवं टेस्टिंग के पश्चात स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य अतिशीघ्र ही कराया जायेगा। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यों को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2028 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।

2— जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

4— मे0 एल0एण्ड टी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजनान्तर्गत समस्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**

UPJNR News Cutting 2026 S. Saini

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।

साई आर्शीवाद भवन, केशव ग्रीन सिटी, N.H. 24 शाहजहाँपुर बाईपारा, सीतापुर, e-mail: eeruralsitapur@gmail.com


पत्र संख्या: 3392 / M-16 / 138 दिनांक: 15/05 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
सीतापुर।

**विषयः– दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में " खैराबाद के बन्नी बाजदार में पेयजल संकट गहरायाः जल जीवन मिशन अधूरा, सड़कें खुदीं, ग्रामीण परेशान " शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में **" खैराबाद के बन्नी बाजदार में पेयजल संकट गहरायाः जल जीवन मिशन अधूरा, सड़कें खुदीं, ग्रामीण परेशान "** शीर्षक से दिनांक 15.05.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सरैया सानी पाइप पेयजल योजना से सम्बिन्धत है।

विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत सरैया सानी पाइप पेयजल योजना का कार्य अनुबन्धित फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 के द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 6.67 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 591 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग नलकूप, 1 नग पम्पहाउस, 1 नग सोलर सिस्टम, 1 नग शिरोपरि जलाशय, 1 नग बाउण्ड्रीवाल, 5.7 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 10 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण करा लिए गए हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पाइप लाइन बिछाये जाने के पश्चात सड़को की अस्थाई पुर्नस्थापना (मोटरेबल) तत्समय ही करा दी गयी है। गृह जल संयोजन देकर पाइप लाइन ज्वाइटिंग एवं टेस्टिंग के पश्चात स्थायी पुर्नस्थापना का कार्य अतिशीघ्र ही कराया जायेगा। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है।

योजना के समस्त प्रस्तावित कार्यों को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। दिसम्बर 2028 तक योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कर योजना को कियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) लखनऊ।

2– जिला सूचना अधिकारी, सीतापुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

4– मे0 एल0एण्ड टी0 लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजनान्तर्गत समस्त कार्यों को ससमय पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**fr अधिशासी अभियन्ता**



Scanned with OKEN Scanner

## राबाद के बड़ी बाजदार में पेयजल संकट हराया: जल जीवन मिशन अधूरा, सड़कें खुदीं, मीण परेशान

[illegible] · 22 घंटे पहले



शेयर

बड़ी बाजदार में पेयजल संकट गहराया।

ौराबाद विकास खंड की सरैया सानी ग्राम पंचायत के बड़ी बाजदार में 'हर घर जल योजना' के तहत बन रही पानी की टंकी का काम अधूरा पड़ा है। इन अधूरे काम के कारण ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत यह कार्य दो साल से अधिक समय से लंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि खैराबाद विकास खंड के अधिकांश गांवों में भी जल जीवन मिशन का कार्य अधर में लटका हुआ है। कई स्थानों पर पानी की टंकी का निर्माण दो से ढाई साल से पूरा नहीं हुआ है।

पंकज, सियाराम, तोताराम और लल्लू राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि नियमों की अनदेखी और मनमानी के कारण उन्हें स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा, पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो गया है, जिससे राहगीरों को भी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने आज एक्सईएन अरविंद त्रिपाठी ने कार्य को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया, ताकि 'हर घर स्वच्छ जल जीवन मिशन' योजना का लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी राजा गणपति आर से लिखित शिकायत करने की बात कही है।



खबरें और भी हैं...

सीतापुर में तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव: दो थाना की पुलिस सीमा विवाद में उलझी, शिनाख्त के प्रयास जारी




सीतापुर › शेयर


[illegible]














Scanned with OKEN Scanner